-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 30.04.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा 17 अदद् अवैध देशी शराब पाउच के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

विवरण– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.04.2025 को थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध देशी शराब लिए ग्राम बघोलन के पास है। सूचना पर पुलिस द्वारा कार्यावाही करते हुए व्यक्ति को ग्राम बघोलन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 17 अदद् अवैध देशी शराब पाउच बरामद की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मोहन पुत्र पूरन निवासी बघोलन थाना फतेहगंज जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

➢ मु0अ0सं0 27/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना फतेहगंज जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 गिरीश चन्द्र
2. का0 शेख राजा
3. कां0 आलोक आचार्य